मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 08 नवम्बर 2016

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	09/11/16	10/11/16	11/11/16	12/11/16	13/11/16
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	33	32	32	32	32
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	16	16	15	15	14
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	0	0	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	64	64	62	62	60
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	24	24	22	20	18
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	6	4	5	7	6
हवा की दिशा	उत्तर–उत्तर–पूर्व	उत्तर–उत्तर–पूर्व	उत्तर–उत्तर–पूर्व	उत्तर–उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
सरसों	वानस्पतिक	सरसों की फसल में पेन्टेड बग व आरा मक्खी की रोकथाम के लिए मिथाईल पैराथियान 2 प्रतिशत चूर्ण की 20 किलो मात्रा का प्रति हैक्टेयर की दर से भुरकाव करें।
गेहूं	बुवाई	राज–3077, राज–3777, राज–4037 राज–1482 डब्ल्यू.एच–147 व लोक–1 गेहूं की उन्नत किस्मों की बुवाई करें। एक हैक्टेयर की बुवाई के लिए 100 किलो बीज का प्रयोग करें तथा बुवाई से पूर्व 2 ग्राम विटावेक्स से प्रति किलो बीज को उपचारित करें। दीमक के नियंत्रण के लिए अन्तिम जुताई के समय क्यूनालफास 1.5 प्रतिशत चूर्ण की 25 किलो ग्राम मात्रा प्रति हैक्टेयर डालें।
जीरा	बुवाई	जीरे की उन्नत किस्मों आर.जेड–19, आर.जेड–209, जी.जी–4 व आर.जेड–223 की बुवाई करें। एक हैक्टेयर के लिए 12–15 किलो बीज का उपयोग करें। बुवाई से पुर्व 2 ग्राम कार्बेन्डेजिम से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।
पशु		किसान भाई पशुओं को ठंड से बचाने के लिए रात के समय छप्पर में बांधे।

(नौडल ऑफीसर)